Title: Need to provide grants and central assistance to Rajendra Prasad Kushth Sewashram, Anugrah Nagar, Mairwa, Sewan, and Bihar.

श्री ओम प्रकाश यादव (सीवान): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से राजेन्द्र प्रसाद कुष्ठ सेवाश्रम, अनुग्रह नगर, मैरवा, जो मेरे संसदीय क्षेत्र सीवान, बिहार में पड़ता है, की दयनीय स्थिति के बारे में सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। कुष्ठ रोगियों की चिकित्सा एवं पुनर्वास के लिए कई दशकों से कार्यरत यह संस्थान राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त है। अब तक इस संस्थान द्वारा हजारों कुष्ठ रोगियों का इलाज कर उन्हें स्वस्थ् किया गया है। संस्थान में कुटीर उद्योग लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से कुष्ठ रोगियों का पुनर्वास किय जाता है। इस संस्थान में अब तक देश के पांच राष्ट्रपति और चार प्रधानमंत्री आ चुके हैं, लेकिन आज यह संस्थान मृतप्राय: हो चुका है, क्योंकि केन्द्र सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा दिया जा रहा अनुदान वर्ष 1990 में अचानक बिना कोई कारण बताए बंद कर दिया गया। आज क्षेत्र के कुष्ठ रोगी असहाय और लाचार हैं, उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

अत: मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि राजेन्द्र प्रसाद कुष्ठ सेवाश्रम, अनुग्रह नगर, मैरवा को अविलम्ब अनुदान दिया जाए ताकि यह संस्थान पुन: कुष्ठ रोगियों के लिए समर्पित हो सके। मैं नियमित अनुदान के अतिरिक्त विशेष आर्थिक सहायता की भी मांग करता हूं ताकि संस्थान के ढांचागत सुविधाओं को बेहतर बनाया जा सके।